







## एक नजर में

### बड़वाह बस स्टेशन पर एक करोड़ की लागत से बनेंगी 30 दुकानें, पार्षदों ने किया भूमिपूजन



**बड़वाह , निप्र ।** बड़वाह नगर पालिका द्वारा जहां शहर में एक ओर करोड़ो के विकास कार्य चल रहे है। इसके साथ कुछ विकास कार्य अपना मूर्त रूप भी ले चुके है। वही अनेक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण के साथ नवीन बस स्टैंड एवं नगर पालिका भवन के निर्माण कार्य चल रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को नवीन बस स्टेशन के दोनों तरह एक करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली दुकानों के लिए भूमि पूजन किया ।नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में सीएमओ कुलदीप किशुंक एवं पार्षदों ने भूमि पूजन किया ।यह नवीन दुकाने नो माह में बस स्टेशन वार्ड क्रमांक 11 में बनेगी ।बगीचे वाली लाइन में 12 बाय 20 की 14 दुकाने बनेगी,वही सामुदायिक शौचालय वाली लाइव में 16 दुकाने 10 बाय 10 की बनेगी ।वार्ड पार्षद सुनील चौधरी ने विधि-विधान से भूमि का पूजन करके निर्माण कार्य शुरू करवाया ।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मिट्ठु भाटिया,पार्षद रजनी भंडारी,पार्षद रूपसिंह रावत,पार्षद बब्लू चौरसिया,पार्षद प्रतिनिधि विजय सोनी,अनिल कानूनगो,विजय महाजन,एल्डरमैन संजय जैन,एल्डरमैन विक्रांत कोठारी,इंजीनियर नागेश्वर दत्त पांडे, इंजीनियर करण अलावा,इंजीनियर श्वेता सुमन उपस्थित रहे।

### आरोह समर कैंप का हुआ शुभारंभ



**खरगोन, निप्र ।** जिला खेल अधिकारी पवी दुबे खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खरगोन के मार्गदर्शन में विकासखंड कसरावद अंतर्गत 'वॉलीबॉल, एथलेटिक्स फुटबॉल खेल का आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल खेल मैदान पर विधिवत पूजा कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वयक पंकज बर्डे, खेल प्रशिक्षक रविंद्र मिश्रा, खेल प्रशिक्षक आलोक पाटीदार, संस्था के शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में फिटनेस खेल कौशल के साथ व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता मंच प्रदान कर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाने का कार्य किया जाएगा। जहां खेल अकादमियों में प्रतिभाओं के चयन मापदंड अनुसार खिलाडियों के प्रदर्शन को ट्रैक कर प्रोफाइलिंग भी किया जाएगा।

### सेवानिवृत्ति पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संजय जैन और अलीम खान को दी विदाई



**खरगोन, निप्र ।** स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के पश्चात हेड क्लर्क संजय जैन एवं अलीम खान को सेवानिवृत्ति पर भावभिनी विदाई दी गई। विभाग द्वारा आयोजित समारोह में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों ने दोनों ही विदा हो रहे कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान वक्ताओं ने जैन और खान के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इन दोनों ही साथियों ने सदैव अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की। कार्यालयीन कार्यों में उनकी दक्षता और सहयोगपूर्ण व्यवहार विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। दोनों ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस भावुक क्षण में श्री जैन और खान ने भी अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया और सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. चंद्रजीत सावले, सुधीर शर्मा, आर एस खांडे, हबीब बेग मिर्जा, दिलीप सिंह कुमार, राजकुमार शर्मा, दिलीप श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

### आज से शुरु होगा ज्येष्ठ माह, अधिक मास होने से 59 दिन रहेगी अवधि

**खरगोन, निप्र ।** हिंदू पंचाग अनुसार ज्येष्ठ माह की शुरुआत 2 मई से होने जा रही है। इस बार यह ज्येष्ठ माह इसलिए भी विशेष माना जा रहा है, क्योंकि इस बार यह 30 दिन नही बल्कि 59 दिन की अवधि का होगा। इसमें अधिकमास जुड़ रहा है। अधिकमास को मलमास या पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। पंडित अरविंद डोंगरे के अनुसार हर 3 साल में एक बार अधिकमास जुड़ता है। यह जिस माह में जुड़ता है, उसके शुक्ल पक्ष से इसकी शुरूआत होती है। अधिकमास के जुडने़ की वजह से वह महीना 59 या 60 दिनों का हो जाता है। इस वर्ष अधिकमास ज्येष्ठ माह में जुड़ रहा है, इसलिए वह ज्येष्ठ अधिकमास कहलाएगा। विक्रम संवत 2083 में ज्येष्ठ मास 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। जबकि ज्येष्ठ अधिक मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक रहेगा। ज्येष्ठ हिंदू कैलेंडर का तीसरा महीना होता है और इसका संबंध मंगल ग्रह से माना गया है। मान्यता है कि इस महीने की पूर्णिमा तिथि पर ज्येष्ठा नक्षत्र का विशेष संयोग बनता है, जिसके कारण इसे ज्येष्ठ मास कहा जाता है। शास्त्रों में इस अवधि को विशेष रूप से पुण्य अर्जन और आध्यात्मिक कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी बताया गया है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस माह में एकादशी प्रदोष, पूर्णिमा, नारद जयंती, शीतलाष्टमी, वट सावित्री व्रत, गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी जैसे प्रमुख व्रत और त्योहार पड़ते हैं।

**भीषण गर्मी का रहेगा दौर :-** जयेष्ठ हिंदू कैलेंडर का तीसरा और सबसे गर्म महीना होता है। जो मई से जून के बीच में पड़ता है। इस महीने में भीषण गर्मी पड़ती है, जिस कारण इस दौरान पानी के घड़े का दान अत्यंत पुण्य दायी माना जाता है। ज्येष्ठ में कई लोग अपने घर के बाहर पियाऊ भी लगवाते हैं जिससे प्यासे लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। इसके अलावा पशु .पक्षियों के लिए छतों पर पानी रखना चाहिए और मिट्टी के घड़े का दान करना चाहिए। कहते हैं ऐसा करने से कुंडली में चंद्रमा और शुक्र की स्थिति मजबूत होती है। इस महीने में सत्तू, गुड़, आम, खरबूजा, तरबूज और नारियल पानी का दान जरूर करना चाहिए। कहते हैं इस दान से घर में कभी धन .धान्य की कमी नहीं होती।

# लू के थपेड़ों से लोग हलाकान, पारे में उछाल जारी

## निमाड़ में तापमान पहुंच रहा 44 डिग्री के करीब, दिन के साथ रात भी पसीने से कर रही तरबतर

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** इस बार शुरूआत में ही गर्मी ने प्रचंड रूप अख्तियार कर लिया है। दिन में तापमान 42 डिग्री तक चढ़ रहा है। गर्म हवा पूरे दिन चल रही है। दिन में लू के थपेड़ों से चेहरे लाल पड़ जा रहे हैं। तल्ख धूप में पडने़ पर बदन झुलस रही है। गर्मी का प्रकोप रात में भी कम नहीं हो रहा है। दोपहर में तो सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है। सुबह दस बजे के बाद से ही लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो जा रहा है। वहीं रात का तापमान दिनोंदिन बढ़ रहा है। रात का तापमान एक सप्ताह में दो डिग्री बढ़ गया है।

जानकार अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.8 और न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज किया गया है, जबकि एक सप्ताह पहले न्यूनतम तापमान 23.4 डिसे दर्ज किया गया था। इससे अनुमान लगाया जा सकता है की दिन के साथ रातें भी गर्म और उमस भरी बीत रही है। पीछे एक पखवाड़े से गर्मी ने जनजीवन प्रभावित कर रखा है। दोपहर 12 बजे के बाद पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रिकार्ड हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना हैं कि सामान्य तौर 35 से 40 डिग्री तक ही तापमान सहने योग्य होता है। इससे अधिक तापमान सेहत के लिए नुकसानदेह होता है। तापमान बढने़ से धूप में खड़े वाहन पूरी तरह गर्म हो जा रहे हैं। कंकरीट के मकान.दुकान सभी गर्म हो जा रहे हैं। शहर की कॉलोनियों में बिना एसी वाले मकान में रहना दुश्वार हो गया है। बेतहाशा गर्मी से दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक और ठेला चलाने वाले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।



**शरीर को खतरा:-** दिन की तपिश के बाद अगर रात भी गर्म रहे तो शरीर के लिए खतरा दोगुना हो जाता है। शहर में इन दिनों आधी रात के बाद भी तापमान ऊंचा बना हुआ है, जिससे शरीर का कूलिंग सिस्टम अस्त व्यस्त हो चुका है। यही वजह है कि लोग रात भर पसीने में भीगते, करवट बदलते और सुबह थके हुए उठ रहे हैं।

### बचाव के प्रमुख उपाय

:- दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें।
:- सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढकें, हल्के,ए ढीले और सूती कपड़े पहनें।
:- पर्याप्त पानी, नींबू पानी, छाछ, ओआरएस लें, खाली पेट घर से न निकलें।
:- धूप में ज्यादा देर तक न रहें, बीच-बीच में आराम करें।
:- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, सोने से पहले पर्याप्त पानी पीएं।
:- भारी और मसालेदार भोजन से बचें, कमरे में हवा का क्रॉस वेंटिलेशन रखें।
:- सूती कपड़े पहनें, जरूरत हो तो गीले कपड़े-ठंडे पानी से शरीर ठंडा करें।

# कलेक्टर ने मेघावी छात्रों को किया पुरस्कृत

**खरगोन, निप्र ।** जिला प्रशासन ने राज्य व जिले की प्रवीण्य सूची के विद्यार्थियों का गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर भव्या मित्तल ने सम्मानित किया। कलेक्टर ने सभी मेघावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र आदि प्रदान कर पुरस्कृत भी किया।

कलेक्टर मित्तल ने कहा कि निरंतर कठिन अभ्यास से ही सफलता मिलती है। निरंतर अभ्यास से परीक्षाओं में सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूड़े ने बताया कि जिले व राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में अरशद इकबाल अंसारी महेश्वर ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में वाणिज्य संकाय से जैनी पंकज जैन खरगोन ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची में हाईस्कूल विद्यार्थी यशस्वी लोकेंद्र चौहान गोगावां एवं सलोनी राधेश्याम गुप्ता गोगवा ने प्रथम, पल्लवी विकास मालगे भीकनगांव ने द्वितीय, मानसी नरेंद्र पाटीदार ऊन व नंदनी भूपेंद्र गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं में कला संकाय में रक्षा नेपाल मंडलोई बिरुल प्रथम, सोनम गजानंद फरकले गोराडिया द्वितीय वी राधिका राजेश मिश्रा महेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में धीरज रमेश प्रजापत सेंगांव प्रथम, नैतिक मनोज गंगराड़े खरगोन, राधिका विष्णु मंडलोई सेगांव, मोहिनी अजय मंडलोई सेगांव द्वितीय, सनी धर्मेंद्र कुशवाह बड़वाह तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में विजय महेश तंवर बमनगांव प्रथम, अंजलि शांतिलाल पटेल कानपुर द्वितीय रहे। कृषि संकाय में दीपिका महेंद्र मंडलोई सिनगुन प्रथम रही और गृह विज्ञान संकाय में खुश्बू वाहिद पठान बरूड प्रथम रही। उज्जवल अत्रे, मोनिका सोनी, आफताब खान, सचिन मोरे, तनवीर खान, गजेन्द्र पंडया, विजय निगवाल आदि मौजूद रहे। संचालन खेल निरीक्षक हबीब बेग मिर्जा ने किया।





# मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी में खरगोन अव्वल

**खरगोन, निप्र ।** राज्य स्तरीय ई-केवाईसी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार खरगोन ने मनरेगा श्रमिकों के ई-केवाईसी में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में कुल 2,56,354 सक्रिय मनरेगा श्रमिकों में से 2,44,691 श्रमिकों का सफलतापूर्वक ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है, जो कि 95.88 प्रतिशत है।

यह उपलब्धि जिला प्रशासन की सतत निगरानी, योजनाबद्ध कार्रवाई और फील्ड स्तर पर किए गए प्रभावी प्रयासों का परिणाम है। जिले के सभी 9 जनपदों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कसरावद (96.73%), भगवानपुरा (96.64% ), झिरन्या (96.46%) एवं भीकनगांव (96.25%) जनपदों ने उत्कृष्ट प्रगति दर्ज कर जिले को शीर्ष स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त बड़वाह, गोगांवा, खरगोन, महेश्वर एवं सेगांव जनपदों में भी संतोषजनक प्रगति रही है, जिससे समग्र उपलब्धि मजबूत हुई है। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा समय-सीमा बैठकों में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनपद स्तर के अमले को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और कार्य में तेजी आई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मिलिंद कुमार नागदेवे द्वारा फील्ड भ्रमण कर ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमिकों से सीधे संवाद किया जा रहा है।

उन्हें ई-केवाईसी के लाभों की जानकारी दी जा रही है। शेष श्रमिकों को शीघ्र ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में मात्र 11,663 श्रमिकों के ई-केवाईसी लंबित हैं, जिन्हें आगामी 5 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



# कांग्रेस ने महिलाओं के सम्मान को पहुंचाई ठेस : ब्राह्मणे

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** भाजपा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) के समर्थन में और इसके पारित न होने के विरोध में भाजपा कार्यालय पर व्यापक जन आंदोलन व जन आक्रोश रैली आयोजित की। मातृ शक्ति के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर बिल को रोकने का आरोप लगाते हुए विपक्ष को महिलाओं के सम्मान व अधिकार विरोधी दल करार दिया।

जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश की अधिक से अधिक महिलाएं संसद और विधानसभा तक पहुंचें, लेकिन विपक्षी पार्टियां इस दिशा में बाधा डालने का काम कर रही हैं। इसके विरोध में आज भाजपा सहित देश की महिलाएं आहत है। यह आंदोलन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण से जुड़ा एक व्यापक अभियान है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर लगातार जनता के बीच जाएगी और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने तक संघर्ष जारी रखेगी।

जिला संयोजक अनिता बंसल ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में भागीदारी बढ़ाने का एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे लेकर हमेशा विरोध और भ्रम फैलाने की राजनीति की है। यह कांग्रेस की हमेशा की नीति रही है। कांग्रेस ने कभी महिलाओं को बराबरी का दर्जा नही दिया। जिला मंत्री अमिता मंत्री ने कहा कांग्रेस खुद को बिल का समर्थकों बताकर महिला हितैषी होने के ढोंग कर रही है। महिलाएं कांग्रेस के चालए चरित्र को समझ गई है। इन्हें आगामी समय में महिलाये अपनी शक्ति का अहसास कराएगी। सभा को ज्योति येवतिकर, जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, नपाध्यक्ष छाया जोशी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी रतोरिया, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन मंचासीन रहे। संचालन पूर्वा व्यास ने किया। आभार शीला पटेल ने माना। बैठक में शुभा खोड़े, सरपंच गांजा डावर, वीणा जायसवाल, माया खोड़े, रंगा डावर, बेबी बाई मंडलोई, पार्षद संध्या दांगी, मीनाक्षी मुछाल, साधना बड़ोले, सुनीता गंगले, यामिनी सोनी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।





### कांग्रेस है बेईमान...

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया बैठक के बाद भाजपा कार्यालय परिसर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस के द्वारा नारी शक्ति का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान.., महिलाओं के अधिकारो पर वार, कांग्रेस है इसका जिम्मेदार.., महिलाओं का अपमान, कांग्रेस है बेईमान... जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लिये आक्रोश भरे नारे लगाए। इस दौरान पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, मंत्री प्रकाश ठाकुर, महामंत्री हरिसिंह चावड़ा, जिला मंत्री मांगीलाल गाडगे, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, कोषाध्यक्ष भीमसिंह जाधव, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर भालसे, मण्डल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, एल्डर मेन युवराज व्यास एवं गोकुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोड पर गिरी पेड़ की भारी टहनी, रास्ता हुआ जाम



**मंडलेश्वर, निप्र ।** ग्राम पंचायत समराज के अंतर्गत ग्राम सांगी में तालाब के किनारे चोली - सांगी मार्ग पर एक बरगद का पुराना पेड़ गिर गया जिससे सड़क पर यातायात बंद पड़ा हैं सिर्फ दुपहिया वाहन और पैदल चलने वाले ही निकल पा रहे हैं।

पेड़ ऐसी जगह गिरा हैं की आस पास से निकलना भी असम्भव हैं क्योंकि तालाब की दीवार के उपर ही सड़क हैं इसलिए एक तरफ तालाब और दूसरी तरफ खाई हैं इसलिए पेड़ के निचे से बाइक निकल सके इतना रास्ता हैं बाकि बड़ी बड़ी शाखाएं सड़क पर पडी हैं इनके बीच से जोखिम उठाकर लोग निकल रहे हैं ।एक साउंड सिस्टम वाला बाइक पर सामान लेकर चोली जाते समय यहां से निकला पहले उसने सामान निकाला फिर बाइक निकाली उसके बाद चोली की ओर गया। यहां एक ग्रामीण ने बताया की दो दिन से पेड़ पड़ा हैं गांव के चौकीदार को बता दिया हैं उसने सरपंच सचिव को सूचना दे दी है लेकिन अभी तक पेड़ हटाया नहीं जा सका हैं। चोली सांगी मार्ग व्यस्त मार्ग नहीं होने से ग्रामीण शांत बैठे हैं खेतो में जाने वाले अपने बैलगाडी ट्रेक्टर अन्य मार्गो से खेतो तक ले जा रहे हैं। पेड़ गिरने की सूचना आज ही मिली हैं पेड़ हटाने के लिए जे सी बी बुलवाई गईं हैं आज ही सड़क से पेड़ हटाकर यातायात चालू कर दिया जाएगा।

एक नजर में — गरीबों के लिए बड़ी मुसीबत बन रहा है केंद्र एवं राज्य सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर

# पहले वृद्धा पेंशन अब गरीब परिवारों का राशन बंद होने की शिकायतें

**इंदौर. केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करने के दावे करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है. पहले वृद्धा पेंशन बंद होने की शिकायतें सामने आती रहीं, अब गरीब परिवारों का राशन बंद होने का मामला भी सामने आ रहा है. यह एक अत्यंत गंभीर विषय है. केंद्र और राज्य सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का यह अंतर गरीबों के लिए बड़ी मुसीबत बन रहा है.**

ताजा मामला वार्ड 67 स्थित अर्जुनपुर मल्टी से सामने आया है. यहां गरीब परिवारों का राशन बंद करने की शिकायतें मिली हैं. लालबाग पैलेस के सामने बनी इस मल्टी में मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार बड़ी संख्या में निवास करते हैं. क्षेत्र के कई पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड बिना कारण बंद कर दिए गए हैं, जिससे उन्हें सरकारी राशन नहीं मिल पा रहा. हितग्राहियों के अनुसार उनके पास मजदूर डायरी, समग्र आईडी और आवश्यक दस्तावेज होने के बावजूद उनके नाम सूची से हटा दिए गए. शिकायतों के बाद भी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में जांच के लिए नहीं पहुंच रहे, इससे प्रशासन की अनदेखी साफ दिखाई देती है. गरीबों की इस समस्या का निदान करने के लिए जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय पार्षद भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं. रहवासियों ने प्रशासन से बंद राशन कार्डों की जांच कर पात्र परिवारों का राशन जल्द शुरू करने की मांग की है.



### हितग्राहियों का कहना...



मेरी 65 और मेरे पति की 75 वर्ष की आयु हो चुकी है, घर में हम दोनों बुजुर्ग पति-पत्नी हैं, कोई अन्य सहारा भी नहीं है. ऐसे में हमारा राशन कई महीनों से बंद कर दिया गया है, हमारे सामने विकट समस्या खड़ी हो गई है.
- मुन्नी बाई जमदार

हम गरीब लोग मजदूरी कर घर चलाते हैं, बिना वजह यहां कई परिवारों का सरकारी राशन बंद कर दिया गया. महंगा राशन खरीदना पड़ रहा है. कई बार शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई.
- शांती बाई कदम





मेरी पत्नी के नाम से राशन मिलता था, जो अचानक बंद कर दिया गया. हमारे पास सभी दस्तावेज हैं, जो जमा कर दिए गए हैं, लेकिन कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं.
- विक्की राठौर